जागरूकता शिविरों का आयोजन

करौली (नि.स.) । विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविरों का आयोजन कर छात्रों को दिव्यांगजनों के अधिकार एवं बाल विवाह ए लिंगभेद रोकथाम एवं बाल संरक्षण मुद्दों पर दी जानकारी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासनए बाल अधिकारिता विभाग, नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलेमपुर एवं हाड़ौती में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता शिविरों के माध्यम से समाज में विशेष योग्यजन व्यक्तियों को सम्मान पूर्वक व्यवहार एवं उनकी सहायता एवं सेवा को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता करना है। समाज में विशेष योग्यजन व्यक्तियों विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बहुत से स्थानों पर उन्हें अपमानित भी होना पड़ता है। इन सभी बात को दिव्यांगजनों के अधिकारों और समस्याओं पर चर्चा हुई। एवं मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को सामान्य नागरिकों की तरह मौलिक और संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। सरकार और दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारें में बताया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 27 नवम्बर को किया है। जिसके तहत समुदाय स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम एवं लिंग भेदभाव को रोकना है। यह अभियान 10 दिसम्बर 2024 तक चलाया जायेगा जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलेमपुर एवं हाड़ौती में दिव्यांगों के अधिकारों के साथ बाल विवाह एवं लिंग भेदभाव की रोकथाम को लेकर जानकारी दी गई। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलेमपुर में स्वयंसेवक नेहरू लाल एवं हाड़ौती में विजेंद्र कुमार बैरवा द्वारा छात्रों को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी एवं बाल विवाह होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07464-251335 पर सूचना देकर बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक ने बताया है कि जिला प्रशासनए बाल अधिकारिता विभागए नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा जिले में बाल संरक्षण मुद्दों के साथ बाल विवाह रोकथाम के संदेश को लेकर अब तक जिलें में 20448 लोगों तक पहुंच बनाई गई। और बाल विवाह के खिलाफ 5785 लोगों से संकल्प पत्र भरवाये गये।

पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन



वार्ड नंबर 8 भरतपुर की महिलाओं ने कलेक्टर से पानी की समस्या को लेकर फरियाद लगाई ।

भरतपुर (निस)। सोशल वेलफेयर एंड मानव विकास संस्थान भरतपुर द्वारा भरतपुर के सेवर थाना इलाके के इंदिरा आवास कॉलोनी अड्डा वार्ड नंबर 8 भरतपुर की महिलाओं की परेशानी को लेकर जिला कलेक्टर से फरियाद लगाई गई की इंदिरा आवास अड्डा कॉलोनी वार्ड नंबर 8 में पीने का पानी नहीं मिलने से काफी परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है क्योंकि कॉलोनी के पास बयाना जाने वाली रेलवे लाइन क्रॉस करके पानी भर कर लाना पड़ता है इस वजह से जिसके कारण कई बार ट्रेन आने के कारण हादसे भी हो चुके हैं। इंदिरा आवास कॉलोनी अड्डा की कमलेश कुमारी द्वारा बताया गया कि करीब 65 मकान है। जहां पीने की पानी की समस्या है घरों में पाइपलाइन नहीं डाली है। इंदिरा आवास अड्डा कॉलोनी के लोगों ने कई बार जलदाय विभाग को भी अवगत कराया गया लेकिन जलदाय विभाग द्वारा हमारी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया इसलिए आज फिर से जिला कलेक्टर अमित यादव से शिकायत की गई। इसके बाद हमारी शिकायत जलदाय विभाग के पास भेजी गई। इस दौरान सोशल वेलफेयर एंड मानव विकास संस्थान भरतपुर की जिला समन्वयक संगीता सैनी और कार्यकर्ता कमलेश कुमारी एवं जन साहस संस्था भरतपुर के जिला समन्वयक सोनू सोगरवाल मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । एनिकट में जलदाय विभाग के ठेकेदारों की ओर से किए जा रहे बडे बोर से ग्रामीणों को भूजल गिरने के बाद पेयजल संकट का सामना करना पडेगा। इस मामले में ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर शिकायत करते हुए बोर के कार्य को रुकवाने की मांग की है। मंगलवार को गांव रामगढ मुराडा, जाखोलास कलां, जैतनपुर, जाखोलास खुर्द, तालवृक्ष, हरिपुरा, आरामपुरा के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि जीवद नदी पर बने एनिकट पर जलदाय विभाग और ठेकेदारों द्वारा बडा बोर करने का प्रयास किया जा रहा है। 2 दिसंबर को ठेकेदार मशीन लेकर पहुंच गए। इस पर ग्रामीणों ने ठेकेदार से यहां बोर नहीं करने के लिए मना करते हुए कहा कि यदि एनीकट पर बोर किया गया, तो जलस्तर नीचे चला जाएगा। जिससे करीब 8-10 गांवों को पीने के पानी और सिंचाई की समस्या पैदा हो जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों की भविष्य में बोर करने से होने वाले पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए जलदाय विभाग और संवेदक को यहां बोर नहीं करने के आदेश देने के लिए कलेक्टर से मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जीवद नदी पर बने एनिकट पर बोर किया गया तो मजबूर होकर ग्रामीण धरना प्रदर्शन करेंगे।

सार-समाचार

अधिकारी,कार्मिक होंगे सम्मानित

करौली(नि.स.) । जिले में निर्वाचन कार्य के दौरान अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नवाचार युक्त कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज परिडवाल ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2024 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 की अवधि में निर्वाचन संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा, इन पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए निम्न श्रेणियों के तहत आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके तहत श्रेणियां जैसे जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पदेन जिला स्वीप प्रभारी, मास्टर ट्रेनर, मीडिया संबंधी कार्मिक, आईटी कार्मिक, सांख्यिकी कार्मिक ,निर्वाचन व्यय अन्वेक्षण संबंधी कार्मिक एफएस, एसएसटी, पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसी कार्मिक, सेक्टर ऑफिसर, अन्य कोई भी विषय, जिसके अंतर्गत निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य किया गया है, से सम्बंधित कार्मिक या अधिकारी उपर्युक्त श्रेणियों के आवेदन सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्वाचन विभाग को 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जाने हैं।

सेवा गतिविधियों का किया प्रचार प्रसार

करौली । (नि.स.) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली की सचिव ममता चैधरी के नेतृत्व में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम कैलादेवी, रामपुरा, घुराकर, अतेवा, राजौर, करसाई, मामचारी, कल्याणी,पदेवा, कैलादेवी मोड़, गदका कि चैकी,रीको इंडस्ट्रियल एरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से चन्द्र दीप जैन व अधिकार मित्र रामराज बैरवा द्वारा विभिन्न विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। प्राधिकरण कि सचिव ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया व विधिक सेवा गतिविधियों के पैंपलेटस का वितरण किया गया। इस दौरान ज्ञान प्रभा अंबेडकर माध्यमिक विद्यालय अतेवा में छात्र-छात्राओं को पोशको एक्ट,साइबर क्राइम,बाल विवाह, दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात् अटल सेवा केंद्र मामचारी में उपस्थित व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं व 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत रीको इंडस्ट्रीयल एरिया करौली में मौजूद श्रमिकों को कार्यस्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रमिकों के अधिकारों व उनके लिए संस्थानों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया।

जिला पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम का गठन किया

भरतपुर (निस)। जिले में नकबजनी, चोरी व सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधिक घटनाओं के खुलासे व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष टीम का गठन किया है। जिला पुलिस अधीक्षक, भरतपुर द्वारा थाना क्षेत्र उच्चैन, गहनौली मोड़, नदबई व लखनपुर में नकबजनी, चोरी व सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों की बढ़ती हुई घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए गत दिनों हुई इन घटनाओं के खुलासे हेतु अपराधियों की गिरफ्तारी एवं सम्पत्ति की बरामदगी के सबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उच्चैन के निकटतम सुपरविजन में विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया है। जो इन थाना क्षेत्रों में हुई चोरी, नकबजनी की घटनाओं के साथ-साथ जिले में हुई अन्य घटनाओं का खुलासा करने के भी अथक प्रयास करेंगे एवं की गई कार्यवाही से प्रत्येक दिवस को सुबह 8 बजे पर प्रगति रिपोर्ट से अवगत करायेंगे। इस विशेष दल में जयनारायण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उच्चैन, अनिल डोरिया, वृत्ताधिकारी वृत्त, उच्चैन, अमरसिंह राठौड़, वृत्ताधिकारी वृत्त, नदबई, दौलत साहु, थानाधिकारी पुलिस थाना नदबई, प्रदीप कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना उच्चैन, जितेन्द्र थानाधिकारी पुलिस थाना लखनपुर, उदय चन्द थानाधिकारी पुलिस थाना गहनौली मोड, मुकेश प्रभारी, डी.एस.टी., जिला भरतपुर, रामवीर सिंह एएसआई, प्रभारी, साईबर सैल, को सम्मिलित किया गया है।

आई.ए.एस. जी.पी शुक्ला का किया सम्मान

भरतपुर (निस)। विवेक मोटर्स पर सेवानिवृत्त आईएएस व भरतपुर के पूर्व जिला कलेक्टर जीपी शुक्ला के आगमन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा भरतपुर के विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि सभी समाज मिल कर भरतपुर के विकास की बातें करें ऐसा मौका बार-बार नहीं आता है। आपके गृह जिले के मुख्यमंत्री हैं। चर्चा में समता आंदोलन की बात आई तो कहा कि समता आंदोलन राष्ट्रीय आन्दोलन है इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा बहुत मेहनत कर रहे हैं व राष्ट्रीय मुद्दों की बात कर रहे हैं। बात चीत के दौरान स्वस्थ जीवन जीने की कला पर कहा कि हमें भोजन थोड़ा खाना चाहिए व नियमित समय पर सोना जागना चाहिए सप्ताह में एक दिन व्रत करना चाहिए जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस अवसर पर जीपी शुक्ला को माला पटका गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान करने के समय श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विवेक मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर शिव लहरी शर्मा, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, कला मंदिर विद्यालय नदबई के डायरेक्टर व भाजपा नेता डॉ हिमांशु कटारा, रोडवेज संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद जघीना, अन्न पूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समता आंदोलन के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार सारस, आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

विश्व दिव्यांग दिव मनाया

भरतपुर (निस)। नई मंडी स्थित बाबूराम वेदांता स्पेशल स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस पूर्ण हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग भरतपुर मनोज शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रशासनिक अधिकारी मृदुल सिंह मुख्य कार्यकारी जिला अधिकारी एवं माधवेंद्र सिंह चीफ लीगल डिफेंस काउंसलिंग भरतपुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इसी क्रम में जिला प्रशासन बाल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा एक जिला स्तरीय सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें धुवेंद्र को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को व स्पेशल शिक्षकों को पुरस्कार वितरण किए गए तथा अपने-अपने उद्बोधन द्वारा बच्चों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में उप प्राचार्य राकेश गर्ग द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर भविष्य फौजदार, अपूर्वा सिंह, करतार सिंह, अभिभावकगण व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निस)। ब्राहमण सभा धर्मशाला भरतपुर में एक मीटिंग आयोजित हुई। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार भरतपुर शहर के किसी भी एक चौराहे को भगवान विष्णु के छटवें अवतार महर्षि परशुराम के नाम पर परशुराम सर्किल घोषित करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर भरतपुर को ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें समस्त ब्राहमण समाज की तरफ से परशुराम सर्किल घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में सर्व ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष ताराचंद शर्मा चिचाना, ब्राहमण महासभा भरतपुर के जिला महामंत्री इं. जीवनलाल शर्मा, ब्राहमण महासभा के जिला महामंत्री भोगीराम शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रिंस , जिला महामंत्री उमेश लवानियां, सर्व ब्राहमण महासभा के जिला महामंत्री हेमराज आदि उपस्थित रहे।

ईशान सोलंकी ने जीता ब्रोंज मेडल

हिंडौन सिटी। गत 1 दिसंबर को पाली में संपन्न हुई 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर पैसापोलो नेशनल चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी ईशान सोलंकी ने ब्रोंज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस मेधावी खिलाड़ी की सफलता पर विभिन्न खेल संगठनों एवं खेल प्रेमियों ने सम्मान कर बधाई दी। राजस्थान पैसापोलो संगठन के पदाधिकारी अशोक सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक पाली राजस्थान में 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स की पैसापालो नेशनल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जिले के खिलाड़ी ईशान सोलंकी पुत्र सुरेंद्र सोलंकी निवासी जाट के सराय ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया । आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, छत्तीसगढ़ आदि सहित देश भर के लगभग 17 राज्यों की टीमों ने भाग लिया । जिसमें राजस्थान टीम ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। राजस्थान टीम में शामिल जिले के खिलाड़ी सोलंकी ब्रोंज मेडल जीतने के बाद मंगलवार सुबह हिंडौन पहुंचे। जिसका जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष एवं जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव देवी सहाय शर्मा सहित जिला सॉफ्टबॉल संघ के सचिव सियाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष बबली सोलंकी, प्रियाकांत बेनीवाल, अटल भारद्वाज, भगत सिंह बेनीवाल, गुलाब सिंह बेनीवाल, कोच शैलेश शर्मा, चंदा सोनी, निर्मल एजुकेशन ग्रुप के गजानंद सोलंकी सहित खेल प्रेमी एवं नेशनल खिलाड़ी समीर सिंह, निर्मल सिंह, आनंद चौधरी, आकाश चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, नीतू बेनीवाल, आदि ने ब्रॉन्ज मेडल विजेता खिलाड़ी का माला पहनकर स्वागत किया और जीत की बधाई दी।

रिक्शों का वितरण किया

भरतपुर (निस)। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बझेरा स्थित मां लक्ष्मी दिव्यांग कल्याण संस्थान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संयुक्त निदेशक मनोज षर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता एवं भाजपा बिजेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र सैनी, के विशिष्ट आतिथ्य में दिव्यांगता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल एवं रिक्शों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संवोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिव्यांगो के लिए कई योजना चलाकर एवं कृत्रिम उपकरण ट्राई साईकिल रिक्शा उपलब्ध कराकर उनके जीवन को बदलने का काम किया है। संस्था के संचालक वीरेन्द्र सैनी ने अतिथीयों को शॉल एवं पौधा देकर स्वागत एवं सम्मान किया।

करौली के श्रम अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

करौली(नि.स.)। करौली श्रम विभाग में कार्यरत रहे श्रम निरीक्षक के विरुद्ध फर्जीवाड़ा करने के मामले में वर्तमान श्रम निरीक्षक ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करा कर जांच करने कि मांग की है।

करौली कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 201 में संचालित श्रम कार्यालय के श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी पुत्र रामबाबू गोस्वामी 41निवासी कैलाश थाना सिकंदरा जिला आगरा ने करौली कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि श्रम विभाग करौली में भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल राजस्थान जयपुर में पंजीयन निर्माण श्रमिकों शिक्षा व कौशल विकास योजना अंतर्गत आवेदन प्राप्त किए जाते हैं उन्होंने बताया कि 25 अगस्त 2024 को तत्कालीन श्रम

> ■ करौली श्रम विभाग में कार्यरत रहे श्रम निरीक्षक के विरुद्ध फर्जीवाड़ा मामला दर्ज करा कर जांच करने कि मांग की है

अधिकारी शिवदयन सोलंकी द्वारा उक्त योजना अंतर्गत आवेदन स्वीकृत किए गए वही अमित कुमार तत्कालीन जिला प्रबंधक को पता लगने पर 29 अगस्त को अमित कुमार द्वारा स्वीकृत आवेदनों में से 70 आवेदनों कि संबंधित यूनिवर्सिटी एवं बोर्ड कि ऑनलाइन वेबसाइट पर जांच कि गई जॉच के दौरान उक्त अंक तालिकाओं का ऑनलाइन मिलान नहीं हो पाए जाने के फलस्वरुप वह फर्जी पाई गई थी उन्होंने बताया कि संबंधित महाविद्यालय द्वारा सत्यापन कर अवगत कराया गया कि संगलन अंक तालिका महाविद्यालय से संबंधित नहीं है सत्यापन कि रिपोर्ट भी उन्होंने एफआईआर में संकलन कि है उन्होंने बताया कि अंक तालिका कूट रचित फर्जी तरीके से तैयार कर अनूचित लाभ लेने के लिए आवेदन किए गए थे आशंका हकि जिले के कूटरचित अंक तालिका बनाने का कोई रैकेट संचालित है उन्होंने एफआईआर के साथ संगलन आवेदन पे'ा करते हुए आरोपियो के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करवाने हेतु थाने में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच थाने के एएसआई महेश शर्मा को सौपी है।

करौली विधायक ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती मे लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

करौली(नि.स.)। करौली नगर परिषद में होने वाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमित्ता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य शासन विभाग के मंत्री सहित प्रमुख शासन सचिव एवं करौली जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपते हुए भर्ती प्रक्रिया में चल रही अनियमित्ता और भ्रष्टाचार कि उच्च स्तरीय जांच कराने एवं दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कि मांग की है।

करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वायत शासन मंत्री, प्रमुख शासन सचिव और जिला कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में खुलासा करते हुए बताया कि करौली नगर परिषद में चल रही सफाई कर्मचारियों कि भर्ती में नगर परिषद आयुक्त एवं कर्मचारियों द्वारा मिली भगत कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है उन्होंने बताया कि अति गोपनीय भर्ती सूची जिसमें 298 नाम थे जो उपनिदेशक निकाय विभाग भरतपुर को भेजी गई थी एवं उपनिदेशक भरतपुर कार्यालय द्वारा इसे 28 नवंबर को प्राप्त किया गया था उन्होंने बताया कि जिस 298 सफाईकर्मी कि सूची को वायरल कर दिया गया एवं सूची सोशल मीडिया पर शेयर कि जा रही है जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है की भर्ती प्रक्रिया की गोपनीयता भंग हुई है एवं घोर लापरवाही बरती जा रही है इसके अलावा उन्होंने बताया कि नगर परिषद आयुक्त करौली द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के अनुभव प्रमाण पत्र बनाने में अवैध वसूली कि जा रही है एवं पूर्ण सूची भेजने के बाद 1 दिसंबर को नाम जोड़ा गया है फिर जांच के नाम पर आनन फानन में जनरल एवं ओबीसी कैटेगरी के आवेदकों के 122 प्रमाण पत्रों को 2 दिसंबर को निरस्त कर दिया गया और बाकी बचे हुए आवेदकों से दलालों के माध्यम से भर्ती करने के नाम पर नगर परिषद आयुक्त एवं कर्मचारियों पर 5 से 8 लाख रुपए कि रकम वसूल करने का आरोप लगाते हुए भर्ती प्रक्रिया में बरती जा रही अनियमित्ता और किये जा रहे भ्रष्टाचार कि उच्च स्तरीय जांच करने की मांग के साथ ही दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही कि मांग करते हुए बताया कि वायरल हुई सूची से खुलासा हुआ है कि सफाई कर्मी भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को अनुभव प्रमाण पत्र भी मात्र दो ही फर्मो द्वारा दिया जाना एक फर्जीवाडा दर्शाता है और भर्ती प्रक्रिया से पूर्व ही सूची वायरल होना गंभीर जनक है।

कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट को किया सम्मानित

करौली(नि.स.)। कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अधिकारी किशनपाल जादौन ने बताया की अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ट्रस्ट को सम्मानित किया।अन्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जयपुर मे आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे मंदिर ट्रस्ट प्रतिनिधी के रूप मे पहुँचे कार्यकारी अधिकारी कि'ान पाल जादौन ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा हर साल दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले भामाशाह,संस्था एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय एकट बोधग्राम करौली में लगभग सवा दो करोड़ रुपये कि लागत से दिव्यांग बालक बालिकाओं हेतु कक्षा-कक्ष,आवास,भोजनशाला सहित सोलर प्लांट का कार्य कराकर दिव्यांगों के लिए सराहनीय कार्य किया जिसको ध्यान में रखते हुए मंगलवार को जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में मंदिर कैलादेवी ट्रस्ट को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं विभाग के आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव एच गुड़टे ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह सहित दस हजार रुपये कि रा'ाि से सम्मानित किया मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सोल ट्रस्टी कृष्णचन्द्र पाल के प्रतिनिधि के रूप में मंदिर के कार्यकारी अधिकारी किशन पाल जादौन ने सम्मान और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

विद्युत विभाग के भवन का किया लोकार्पण

डीग भरतपुर (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मंगलवार को डीग जिले के दौरे पर रहे है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के निर्माणाधीन कक्षा-कक्षों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। नगर विधानसभा के लोगों को एक ओर खुशी के तोहफे के रूप में 90 लाख रुपए की लागत से विद्युत विभाग के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया गया। विद्युत विभाग के प्रशासनिक भवन के निर्माण से नगर में विद्युत समस्याओं के निस्तारण अब शीघ्रातिशीघ्र किए जाएंगे। निर्बाध बिजली सप्लाई सुचारू करने के क्रम में भी यह एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राज्य के शिक्षित एवं स्किल्ड युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम सुन्दरावली में 9.93 लाख रुपए की लागत से विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास किया गया तथा अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाएं ग्रामीण बच्चों के लिए उपलब्ध होगी। इसी प्रकार 41.74 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरथला, 19.86 लाख की राशि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खखावली, 29.30 लाख रुपए की राशि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरावल माली, 16.16 लाख रुपए की राशि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूड़ली, 29.79 लाख रुपए की राशि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लवान एवं 54.50 लाख रुपए की राशि से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैमली में स्वीकृत कक्षा-कक्षाओं का जवाहर सिंह बेढ़म के कर कमलों से शिलान्यास किया गया।

रक्तदान शिविर का आयोजन

नदबई भरतपुर (निस)। कस्बे में कुम्हेर रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को शहर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन मनाते हुए रक्तदान शिविर आयोजन करने का निर्णय लिया। बाद में जिला महामंत्री गोविन्द चौधरी ने रक्तदान शिविर के सफल क्रियान्वन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने को कहा। इससे पहले जिला महामंत्री ने कार्यकर्ताओं को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को लाभान्वित करने का संकल्प दिलाया। बैठक में मंडल संयोजक रोहित उपाध्याय, पूर्व पालिकाध्यक्ष बालमुकन्द बिहारिया, महामंत्री मुकेश अग्रवाल, डॉ राहुल कटारा, चरन सिंह कोली, लक्ष्मन उपाध्याय, धर्मेन्द्र भातरा, पूर्व पार्षद दिलीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

दिव्यांगजनो ने किया देश का नाम रोशन : डा कृष्णकांत शर्मा

गंगापुर सिटी । भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत शर्मा ने कहा कि सन 1992 से प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है और इस दिवस

> ■ सन 1992 से प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस मनाया जाता है और इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जनों के अधिकारों उनकी गरिमा और समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूकता लाना है

को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जनों के अधिकारों उनकी गरिमा और समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूकता लाना है। दिव्यांगजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अब हम लोग विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांगजन शब्द का प्रयोग करते हैं। साथ ही डिसेबल्ड के स्थान पर

विश्व दिव्यांगजन दिवस को संबोधित करते अतिथी एंव उपस्थित विद्यार्थी।

डिफरेंटली एबल्ड जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि इंटर्नशिप के दौरान एवं शिक्षक बनने के उपरांत जब भी कोई दिव्यांगजन आपकी कक्षा में हो तो उसे जीवन में आगे बढने के लिए विशेष प्रोत्साहन दें। जैसे दिव्यांग जनों के लिए होने वाले पैरालंपिक खेलों के बारे में बताने के साथ.साथ चूरू के देवेंद्र झाझरिया, जयपुर की अवनी लेखरा, सिरोही के सुमित अंतिम आदि के बारे में बताएं कि कैसे ये सभी दिव्यांग जनों ने पैरालंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा इन सभी को पद्मश्री पुरस्कार भी मिला।

इससे संबंधित डॉक्यूमेंट्री भी बच्चों को दिखानी चाहिए जिससे दिव्यांगजन छात्र जीवन में आगे बढकर समाज में अपना योगदान दे सकें।

उन्होंने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों के बीएड पाठ्यक्रम में समावेशी शिक्षा को पढाया जाता है उसका लाभ उठाएं। इस अवसर पर बीएड प्रशिक्षणाथी भावेश ने भी दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं के ब